




नवभारत

भोपाल, बुधवार , 01 अप्रैल 2026


### एक नजर में

## आग से झुलसे व्यक्ति की मौत

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। दिगौड़ा कस्बे में आग से झुलसे आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पुष्पा रैकवार के पति बली रैकवार का सोमवार को उपचार के दौरान निधन हो गया। गंभीर हालत में उन्हें झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया था, जहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। निधन के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लाया गया।**

मृतक के रिश्तेदार सोनू केवट ने बताया कि आग लगने से बली रैकवार का चेहरा और छाती बुरी तरह जल गए थे। रविवार को उन्हें झांसी में भर्ती कराया गया था, लेकिन उपचार के दौरान सोमवार को उनकी मौत हो गई। यह हादसा रविवार को दिगौड़ा कस्बे में किले के मैदान के पास स्थित उनके मकान में हुआ था। अचानक लगी भीषण आग में मकान में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया था और बली रैकवार गंभीर रूप से झुलस गए थे। बली रैकवार मकान में गैस सिलेंडर पर कुछ बना रहे थे, तभी अचानक सिलेंडर में आग लग गई। आग बुझाने के प्रयास में वे तेज लपटों की चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गए थे। घटना की सूचना मिलते ही परिजन और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग की तीव्रता अधिक होने के कारण काबू नहीं पाया।

# नवभारत की खबर पर लगी मुहर, अवैध रेत मामले में पंचनामा तैयार

**31 मार्च सोमवार को की गई थी खबर प्रकाशित**

**मोहनगढ़ नायब तहसीलदार पहुंचे क्षेत्र की बारगी नदी के घाट पर**

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़/ मोहनगढ़। लिधौरा तहसील एवं मोहनगढ़ क्षेत्र अंतर्गत चल रहे अवैध उत्खनन और परिवहन को लेकर बीते दिन दैनिक नवभारत समाचार में बारगी नदी पर चल रहा रेत का अवैध उत्खनन शीर्षक समाचार प्रकाशित किया गया था। जिस पर कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने तुरंत संज्ञान लिया और जिम्मेवारो को कार्यवाही को लेकर निर्देशित किया। मंगलवार को मोहनगढ़ नायब तहसीलदार सावंत सिंह गोंड मौके पर पहुंचे और वरिष्ठ अधिकारीयो को मौके की जानकारी दी। नायब तहसीलदार सावंत सिंह गोंड का कहना है कि उक्त रेत का भंडारण लिधौरा तहसील क्षेत्र के अंतर्गत है एवं रेत निकाले वाली पनडुब्बी से मोहनगढ़ तहसील और लिधौरा तहसील को बांटने वाली बारगी नदी के बीचों बीच रेत खनन हो रहा है जिसकी कोई सुपुर्दी लेने के लिए तैयार नहीं है। नायब तहसीलदार ने हल्का पटवारी के साथ अज्ञात लोगों के विरुद्ध पंचनामा लिखे जाने की कार्यवाही कर खनिज विभाग के साथ वरिष्ठ अधिकारी को जानकारी दी है।**



धांधली — पनडुब्बी की मदद से रोजाना निकल रही रेत

मोहनगढ़ क्षेत्र की बारगी नदी पर हो रहा रेत का अवैध उत्खनन

नवभारत न्यूज, मोहनगढ़। वैसे तो जिले में अवैध रेत के उत्खनन एवं परिवहन पर रोक लगी है,लेकिन मोहनगढ़ तहसील की प्रशासनिक व्यवस्था में सुराख होने की वजह से यहां पर जगह जगह अवैध रेत का कारोबार चल रहा है। अवैध रेत के कारोबारी इस वक्त नदी नालों के साथ वनविभाग को छलनी करने में लगे है। बताया गया कि बीते कुछ दिनों से बम्हौरी मोहनगढ़ मार्ग के बीच में राजनगर गांव के पास से निकाली बारगी नदी के डोढ़ा घाट के पास अवैध रेत का कारोबार जमकर फल फूल रहा है। यहां पनडुब्बी की मदद से रोजाना सैकड़ों ट्राली अवैध रेत का उत्खनन किया जा रहा है और कोई रोक टोक करने वाला नहीं है। आरोप है कि रेत माफिया किसानों के खेतों से भारी लोड वाहन निकाल रहे है जिससे खेतों की मिट्टी की उर्वरा शक्ति खत्म हो रही है तो वही पर्यावरण को भी खासा नुकसान हो रहा है। जानकारी के अनुसार आज के दौर में धनी आदमी बनने के लिए अवैध कारोबारों की शरण लेना अक्सर देखा जाता है। बालू बेचना सबसे सरल धंधा है जैसे-जैसे इसकी कमी हो रही है यह धंधा और अधिक मुनाफे वाला हो गया है मोहनगढ़ क्षेत्र में चाहे जामनी नदी हो या फिर बारगी सभी जगह अवैध रेत का कारोबार फल फूल रहा है। माफिया नदी के अंदर की रेत निकालने के लिए नए-नए जुगाड़ लगाते रहते हैं. कुछ लोग नाव लेकर नदी के बीच में पहुंचते हैं और नदी में कम पानी वाली जगह पर मानव श्रम से रेत निकलवाते हैं, तो कुछ माफिया पनडुब्बी की मदद ले रहे हैं। रेत निकलने का अब एक और तरीका अपनाया जा रहा है भी है जिसे पनडुब्बी यह हाई-फाई मशीन के नाम से जाना जाता है. यह पनडुब्बी या हाई-फाई मशीन एक बड़ा मैकेनिक जुगाड़ है. इसमें एक बड़ी सी नाव के ऊपर एक का पुराना इंजन रखा जाता है और एक बहुत बड़ा पंप इस इंजन से जोड़ दिया जाता है. फिर एक लगभग 6 इंची पाइप नदी के तल तक जाता है, जहां से पाइप रेत और पानी को एक साथ खींचता है और एक लंबे से पाइप के जरिए नदी के अंदर की बालू निकालकर घाट पर गिर जाती है. नाव धीरे-धीरे अपनी जगह बदलती रहती है और नदी के अंदर से तब तक रेत निकाली जाती है जब तक मिट्टी न आने लगे. इससे जलीय जीवों को भी भारी नुकसान होता है।

अधिकारी नहीं दे रहे इस ओर ध्यान

अवैध रेत के कारोबारी इस वक्त नदी नालों के साथ वनविभाग को छलनी करने में लगे है। बताया गया कि बीते कुछ दिनों से बारगी नदी के डोढ़ा घाट के पास अवैध रेत का कारोबार जमकर फल फूल रहा है। यहां पनडुब्बी की मदद से रोजाना सैकड़ों ट्राली अवैध रेत का उत्खनन किया जा रहा है और कोई रोक टोक करने वाला नहीं है।

दरअसल पूरे मामले को लेकर बीते दिवस 31 मार्च को नवभारत ने इस विषय को लेकर एक विस्तृत रिपोर्ट का प्रकाशन किया था। इसमें नवभारत ने लोगों से मिल रही जानकारी के अनुसार खबर का प्रकाशन किया था। इसी को लेकर कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने अपने अधिनस्थों को मामले को गंभीरता से लेने के निर्देश दिए। नवभारत समाचार पत्र ने प्रमुखता से शीर्षक मोहनगढ़ क्षेत्र की बारगी नदी पर हो रहा रेत का अवैध उत्खनन, पनडुब्बी की



मदद से रोजाना निकल रही रेत, अधिकारी नहीं दे रहे इस ओर ध्यान का खबर का प्रकाशन किया था। प्रशाास ने नवभारत की खबर पर एक वार फिर से अपनी मुहर लगा दी है। जानकारी के अनुसार नायब तहसीलदार सावंत सिंह गोंड का कहना है कि उक्त रेत का भंडारण लिधौरा तहसील क्षेत्र के अंतर्गत है एवं रेत निकाले वाली पनडुब्बी मोहनगढ़ तहसील और लिधौरा तहसील को बांटने वाली बारगी नदी के बीचों बीच हो रहा है जिसकी कोई सुपुर्दी लेने के लिए तैयार नहीं है। नायब तहसीलदार ने हल्का पटवारी के साथ अज्ञात लोगों के विरुद्ध पंचनामा लिखे जाने की कार्यवाही कर खनिज विभाग के अधिकारी को जानकारी दी कार्यवाही रेत माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है।

### बेखौफ होकर हो रहा था रेत का कारोबार

बीते कुछ दिनों से बम्होरी मोहनगढ़ मार्ग के बीच में राजनगर गांव के पास से निकाली बारगी नदी के डोडा घाट के पास अवैध रेत का कारोबार जमकर फल फूल रहा था। यहां पनडुब्बी की मदद से रोजाना सैकड़ों ट्राली अवैध रेत का उत्खनन किए जाने की खबरे आ रही थी और कोई रोक टोक भी नहीं थी। जिस पर नवभारत समचार पत्र की टीम ने क्षेत्र की बारगी नदी पर पहुंचकर मामले की हकीकत जानी और उसके बाद 31 मार्च के अंक में समाचार प्रकाशित किया गया। जिसके बाद कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देश में अधिकारी ने मौके पर जाकर कार्यवाही की है।

### कार्यवाही से खनिज विभाग को कराया अवगत

नवभारत की खबर के बाद मौके पर पहुंचे नायब तहसीलदार सावंत सिंह गोंड का कहना है कि उक्त रेत का भंडारण लिधौरा तहसील क्षेत्र के अंतर्गत है एवं रेत निकाले वाली पनडुब्बी से मोहनगढ़ तहसील और लिधौरा तहसील को बांटने वाली बारगी नदी के बीचों बीच रेत खनन हो रहा था। जिसकी कोई सुपुर्दी लेने के लिए तैयार नहीं है। नायब तहसीलदार ने हल्का पटवारी के साथ अज्ञात लोगों के विरुद्ध पंचनामा लिखे जाने की कार्यवाही कर खनिज विभाग के साथ वरिष्ठ अधिकारी को जानकारी दी है। इस कार्यवाही के बाद जिले भर में हो रहे रेत खनन को लेकर तरह-तरह की खबरे आ रही है।


## कलेक्टर ने टीएल में की कार्यों की समीक्षा



**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में टीएल की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्री श्रोत्रिय ने संकल्प से समाधान अभियान, जल गंगा संवर्धन अभियान, ई-विकास पोर्टल से खाद वितरण, माननीय मुख्य सचिव महोदय की समीक्षा बैठक, कृषि विभाग अंतर्गत कृषि वर्ष 2026, फार्मर रजिस्ट्री, छिर धारा ग्राम योजना, की बैठक में दिए गए निर्देश, सीएम हेल्पलाइन, कोर्ट प्रकरण, अवमानना प्रकरण, आयुष्मान भारत योजना, टी एल पत्रों पर की गई कार्यवाही विगत टीएल बैठक में दिए निर्देशों पर की गई कार्यवाही की समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।**

इस अवसर पर अपर कलेक्टर शिवप्रसाद मंडराह, संयुक्त कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह, एसडीएम टीकमगढ़ श्रीमती संस्कृति मुदित लटोरिया, एसडीएम बल्देवगढ़ श्रीमती भारती देवी मिश्रा, एसडीएम जतारा संजय कुमार दुबे, डिप्टी कलेक्टर निशांत भूरिया सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे। कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि अधिक से अधिक किसानों का पंजीकरण इस एप के माध्यम से कराया जाए, ताकि खाद वितरण की प्रक्रिया सुचारू रूप से संचालित हो सके। बैठक में कलेक्टर ने जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा करते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अभियान अंतर्गत शासन द्वारा जारी कार्ययोजना अनुसार जिम्मेदारी से कार्य करें। उन्होंने निर्देशित किया कि अभियान के अंतर्गत जल स्त्रोतों के संरक्षण की समीक्षा की।

## सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में यातायात सुव्यवस्थित करने के निर्देश



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मंगलवार को जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। इस दौरान शहर की यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने के लिए कड़े फैसले लिए गए। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने पुरानी बैठकों के लंबित निर्णयों पर नाराजगी जताते हुए एसडीएम, नगर पालिका और पुलिस विभाग को धरातल पर तत्काल अमल शुरू करने के निर्देश दिए।**

बैठक में ट्रैफिक जाम की समस्या से निपटने के लिए कोतवाली तिराहा और मिश्रा तिराहा स्थित पार्कों श्रवण कुमार पार्क के पुनर्विकास का निर्णय लिया गया। इन पार्कों का कुछ हिस्सा छोटा कर वाहनों के सुगम निकास के लिए लेफ्ट टर्न बायां मोड़ बनाया जाएगा। साथ ही आंबेडकर और अस्पताल चौराहे को मॉडल चौराहे के रूप में विकसित कर वहां सोलर ट्रैफिक सिग्नल लगाए जाएंगे। बैठक में जनप्रतिनिधियों ने ई-रिक्शा चालकों के पुलिस वेरिफिकेशन और आंबेडकर तिराहे पर स्थाई ट्रैफिक बल तैनात करने की मांग उठाई। कलेक्टर ने करमासन घाट, कुंडेश्वर और बंडा नहर पुल पर सुरक्षा के लिहाज से तत्काल रेलिंग लगाने के निर्देश दिए। शहर के भीतर से थोक सब्जी मंडी, मैकेनिक शॉप और ट्रांसपोर्ट नगर को बाहर स्थानांतरित करने पर भी विस्तृत चर्चा हुई। बल्देवगढ़ में पिछले ढाई साल से लंबित बाईपास सड़क के निर्माण पर कलेक्टर ने पीडब्ल्यूडी के कार्यपालन यंत्री ईई को फटकार लगाई। स्थानीय निवासियों द्वारा जाम की शिकायत के बाद कलेक्टर ने निर्देश दिए कि इस कार्य को समय सीमा में पूरा किया जाए। हाथ ठेला और फल विक्रेताओं के लिए हॉकर जोन चिन्हांकित करने पर चर्चा हुई।

## नरवाई में आग लगाना प्रतिबंधित

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी ने सार्वजनिक संपत्ति आमजन की सुरक्षा पर्यावरण एवं लोक व्यवस्था बनाये रखने हेतु जिले की संपूर्ण राजस्व सीमा में खेत में गेहूं एवं अन्य फसलों के डंठलों नरवाई पराली में आग लगाई जाने पर प्रतिबंध लगाया है।**

प्रतिबंध का उल्लंघन करने वालों को व्यक्तिध्व्यक्तियों के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता अंतर्गत धारा व अन्य विधिक प्रावधानों के तहत दण्डात्मक कार्रवाई की जायेगी।

## क्षेत्रीय समस्याओं के निराकरण के लिए सौंपा ज्ञापन



**नवभारत न्यूज, पलेरा। नगर और क्षेत्रीय समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर मंगलवार को समाजसेवी रामकुमार यादव के नेतृत्व में नागरिकों ने एक अनूठा विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी अपने कंधों पर रसोई गैस सिलेंडर रखकर नारेबाजी करते हुए तहसील कार्यालय पहुंचे। यह प्रदर्शन क्षेत्र में गैस की किल्लत और बुनियादी सुविधाओं के अभाव के प्रति जनता के गहरे आक्रोश को दर्शाता है।**

समाजसेवी रामकुमार यादव ने महामहिम राष्ट्रपति के नाम संबोधित एक 5 सूत्रीय मांग पत्र पलेरा तहसीलदार को सौंपा। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि प्रशासन ने इन मांगों पर जल्द संज्ञान नहीं लिया, तो आने वाले समय में आंदोलन को और तेज किया जाएगा। ज्ञापन में प्रमुखता से उठाई गई ये मांगों में गैस किल्लत का समाधान पलेरा नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार हो रही रसोई गैस की कमी को तत्काल दूर कर पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। नगर पंचायत पलेरा के वार्ड क्रमांक 05 स्थित ऐतिहासिक हनुमान टोरिया मंदिर की सीढ़ियां जर्जर हो चुकी हैं।

## बारिश के चलते इलाकों की बिजली रही बाधित

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। अचानक मौसम का मिजाज बदल गया। सुबह से शाम तक धूप खिली रही, लेकिन रात करीब 9.30 बजे तेज हवाएं चलने लगीं और बूंदाबांदी शुरू हो गई। धीरे-धीरे बारिश तेज हुई और लगभग दो घंटे तक जारी रही। तेज हवा और गरज-चमक के कारण शहर के कई इलाकों में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई।**

ढोंगा फीडर में खराबी आने के कारण देर रात तक बिजली गुल रही। सुधार कार्य के बाद रात करीब 1 बजे बिजली आपूर्ति बहाल की जा सकी। भू अभिलेख कार्यालय के अनुसार, मौसम में इस बदलाव से रात के तापमान में 2 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई। रविवार को अधिकतम तापमान 37.8 डिग्री और न्यूनतम तापमान 22 डिग्री था।

## रावतपुरा सरकार ने की भगवान भोलेनाथ की पूजा

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। संतश्री रविशंकर महाराज रावतपुरा सरकार शिव धाम कुंडेश्वर पहुंचे। उन्होंने मंदिर में भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना की। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उनका आशीर्वाद लेने पहुंचे। करीब आधा घंटे तक पूजा के बाद महाराज मातृधाम छिपरी के लिए रवाना हो गए।**

संत श्री रविशंकर महाराज सोमवार को जबलपुर से सागर आश्रम पहुंचे थे। सागर से अमझरा हनुमान मंदिर के दर्शन करने के बाद वे देर रात शिवधाम कुंडेश्वर पहुंचे। टीकमगढ़ पहुंचने पर ने उनका स्वागत किया।महाराज ने बताया कि 2 अप्रैल को रावतपुरा धाम में हनुमान जयंती समारोह धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर ब्रह्म मुहूर्त में हनुमान जी महाराज का अभिषेक और पूजन होगा, जिसके बाद यज्ञ अनुष्ठान के कार्यक्रम आयोजित



किए जाएंगे। उन्होंने सभी भक्तों को हनुमान जयंती महोत्सव में शामिल होने का आमंत्रण दिया। रात करीब 10.30 बजे महाराज मात्र धाम छिपरी आश्रम के लिए रवाना हो गए। इसी दिन, मध्य प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती भी बल्देवगढ़ पहुंचीं। उन्होंने बलदाऊ मंदिर में पूजा-अर्चना की। नगर के लोगों ने करीब तीन साल पहले इस प्राचीन मंदिर का जीर्णोद्धार कराया था। पूजा के बाद उमा भारती ने स्थानीय लोगों के साथ धार्मिक विषयों पर चर्चा की। संतश्री रविशंकर महाराज रावतपुरा सरकार शिव धाम कुंडेश्वर पहुंचे। उन्होंने मंदिर में भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना की। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उनका आशीर्वाद लेने पहुंचे। करीब आधा घंटे तक पूजा के बाद महाराज मातृधाम छिपरी के लिए रवाना हुए।

## मजना चौकी पुलिस ने अवैध शराब पर की कार्यवाही

**मोटरसाइकिल से जा रही थी अवैध शराब**

**पुलिस ने दो आरोपियों को मौके से किया गिरफ्तार**

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। नशे पर अंकुश लगाने एवं अवैध गतिविधियों की रोकथाम हेतु पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के तहत सभी थाना प्रभारियों को मुखबिर तंत्र को मजबूत करते हुए अवैध गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।इसी को लेकर देहात थाना अंतर्गत आने वाली मजना चोकी पुलिस ने अवैध शराब जब्त करने की कार्यवाही को अंजाम दिया।**

इसी क्रम में थाना देहात अंतर्गत चौकी मजना क्षेत्र में



मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि दो व्यक्ति मोटरसाइकिल से अवैध शराब लेकर कस्बा मजना से बनपूरा की ओर जा रहे हैं। सूचना की पुष्टि हेतु चौकी प्रभारी मजना उप निरीक्षक वीणा विश्वकर्मा ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की। पुलिस टीम ने बताए गए स्थान पर संदिग्ध मोटरसाइकिल को रोकने का प्रयास किया, लेकिन आरोपी भागने लगे। तत्पश्चात पुलिस द्वारा घेराबंदी कर दोनों व्यक्तियों को पकड़ लिया गया।

जांच के दौरान मोटरसाइकिल पर रखी बोरी में 320 क्वार्टर प्लेन देशी मदिरा बरामद हुई। आरोपियों से शराब परिवहन के संबंध में वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा गया, लेकिन वे कोई दस्तावेज नहीं दिखा सके। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम यादवेंद्र सिंह ठाकुर एवं रामसिंह ठाकुर, निवासी बनपूरा बताए। दोनों के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत मामला पंजीबद्ध कर विधिवत गिरफ्तार किया गया। 320 क्वार्टर देशी मदिरा लगभग 57 लीटर 600 मिली कीमत लगभग 32,000 एक मोटरसाइकिल हीरो आई स्मार्ट कीमत लगभग 80,000 कुल 1,12,000 का मशरूका जप्त किया गया।

उपरोक्त कार्रवाई में चौकी प्रभारी मजना उप निरीक्षक वीणा विश्वकर्मा,प्रधान आरक्षक ताज्जुद्दीन खान,आरक्षक राहुल यादव, हलकाई यादव, तेज़राम, आरक्षक रितेश, आरक्षक अरविंद निरंजन, आरक्षक मुकेश की सराहनीय भूमिका रही है । पुलिस अधीक्षक द्वारा स्पष्ट किया गया है कि जिले में अवैध शराब एवं अन्य अवैध गतिविधियों के विरुद्ध इस प्रकार की सख्त कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

**आरोप** — खरगापुर विधानसभा के ग्राम भेलसी का मामला

## राशन दुकानदार पर पर्ची देने के नाम पर पैसे मांगने का आरोप

**नवभारत न्यूज, खरगापुर। खरगापुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायतों से संचालित राशन की दुकानों पर इन दिनों लोगों कों राशन ना मिलने की शिकायते सामने आ रही है। यहा तक की ग्रामीणों का आरोप है कि राशन के लिए दी जाने वाली पात्रता पर्ची के एवज में दुकानदार द्वारा पैसों की मांग की जाती है। तब कहीं जाकर लोगों को पर्ची के बाद राशन मिल पाता है। ऐसा ही एक मामला ग्राम पंचायत भेलसी की धूमगढ़ ईंधन आपूर्ति सहकारी समिति मर्यादित बल्देवगढ़ की शासकीय उचित मूल्य की दुकान का सामने आया है यहां दुकानदार द्वारा लोगों के साथ दिनदहाड़े खिलबाड़ किया जा रहा है।**




जानकारी के अनुसार ग्राम भेलसी में राशन लेने वाले गरीब और लाचार महिला व पुरुषों से एक पर्ची पर 20 से 80 रुपए तक की अवैध रूप से वसूली की जा रही है। अगर इसका गुणा भाग किया जाए तो ग्राम पंचायत भेलसी में लगभग दो हज़ार हितग्राही है। जिनसे 20, 40 एवं 80 की अवैध वसूली पीडीएस की दुकान के सेल्समेन द्वारा वसूली जा रही है।

बताया गया है कि जनवरी-फरवरी माह की पर्ची काट दी गई है लेकिन गेहूं चावल नहीं दिया जा रहा है जब हितग्राही पर्ची लेकर दुकान पर पहुंचते हैं तो हितग्राहियों को दुकान से अपशब्द बोलकर भगा दिया जाता है। हितग्राहियों की माने तो हर माह लगभग वीस हजार रुपए गरीब जनता से वसूले जा रहे हैं वहीं मोदी सरकार का कहना है कि हर गरीब को फ्री में राशन देने का काम कर रहे हैं। लेकिन ग्रामीण स्तर पर इस पर अवैध वसूली की जा रही है। जब दुकान पर हमारे संवाददाता ने जनता और सेल्समेन के सामने वीडियो रिकॉर्ड किया तो पार्वती, रजनी अहिरवार काशीबाई सेन, प्रेम लाल यादव एवं समस्त हितग्राहियों सहित जनता द्वारा स्पष्ट रूप से बताया गया कि हर महीने सेल्समेन हम लोगों से एक माह की पर्ची पर 20 रुपए से लेकर चार पर्चियों पर 80 की वसूली कर रहे हैं। राशन भी 1 किलो ग्राम कम दिया जाता है। नेताओं के घर बोरिंया की बोरियां भिजवा देते हैं। इस संबंध में खाद्य अधिकारी सपना सेन को कई बार अवगत कराया गया लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं होने से राशन माफिया के हौसले बुलंद होते जा रहे है और वह कालाबाजारी कर रहा है।

### जांच के बाद कार्यवाही का दिया आश्वासन

जब इस संबंध में खाद्य अधिकारी सपना सेन से बात की तो उन्होंने बताया कि हम इसकी जांच करवाते है। जांच में जो भी दोषी पाया जाएगा उस पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अब देखना होगा कि कार्रवाई होती है या नहीं। वैसे कहा जाए तो यह मामला केवल भेलसी की दुकान का नहीं है खरगापुर की सभी दुकानों में यही धांधली मची हुई है।

## सुरक्षा की दिशा में उठाया कदम

**नवभारत न्यूज,टीकमगढ़। मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी एमपी ट्रांसको ने पारेषण कार्यों में नवाचार और सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। एमपी ट्रांसको द्वारा सबस्टेशनों में मेंटेनेंस कार्यों के लिए 36 फीट तक ऊँचाई पर काम करने में सक्षम एक मैन लिफ्टर का सफ्लतापूर्वक डिज़ाइन एवं निर्माण इन-हाउस किया गया है।**

यह अभिनव मैन लिफ्टर विशेष रूप से सबस्टेशनों में स्थापित ऊँचाई पर स्थित उपकरणों के सुरक्षित, कुशल और समयबद्ध रखरखाव को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। इस उपकरण की सहायता से मेंटेनेंस स्टाफअब ऊँचे स्ट्रक्चर, इंसुलेटर, बस बार तथा अन्य महत्वपूर्ण उपकरणों तक आसानी से पहुँच सकता है।

## गेहूं की कटाई के बाद अवशेष से बनाया भूसा



**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। ग्राम बम्होरी खास विकासखंड जतारा निवासी कृषक सिकंदर खान नरवाई प्रबंधन कृषि यंत्र स्ट्रॉ रीपर की सहायता से अपने ग्राम एवं आसपास के ग्रामों में हार्वेस्टर से गेहूं की कटाई उपरांत खेत पर फैले फसल अवशेष का भूसा बनाया जा रहा है। अब तक उनके द्वारा दिनांक तक 42 टैंक भूसा बनाकर विक्रय किया जा चुका है जिससे उन्हें 2000 रूपये प्रति टैंक के हिसाब से लगभग 84000 रुपए की आय हो चुकी है।**

सिकंदर द्वारा बताया गया कि इस यंत्र से खेत में हार्वेस्टर की कटाई के उपरांत फैले व खड़े फसल अवशेष का भूसा बना दिया जाता है जिससे अतिरिक्त आय के साथ नरवाई में आग लगाने की आवश्यकता नहीं होती तथा मृदा स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण होता है। उल्लेखनीय है कि सिकंदर खान द्वारा कृषि अभियांत्रिकी विभाग की ई कृषि यंत्र अनुदान योजना अंतर्गत नरवाई प्रबंधन कृषि यंत्र स्ट्रॉ रीपर का क्रय किया गया जिसमें उन्हें 150000 की अनुदान सहायता प्राप्त हुई।